हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 12 अगस्त 2025



06 थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गश्त के दौरान दो शातिर चोर रंगे हाथों ...



07 भारत माता के जयकारों से मड़ावरा-नाराहट...



## दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन


# वर्तमान कल्चर के प्रभाव से युवा भटक रहे: गणधर मुनि 108 विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जीवन में सदैव ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे कोई धर्म का मार्ग छोड़ दे। किसी व्यक्ति में गलत आदत है, व्यसन करता है, तो उसका समाज में प्रचार प्रसार न करते हुए उसे संतों के चरण में लाना चाहिए। छोटे-छोटे त्याग भी व्यक्ति को संत बना देते हैं। वर्तमान के कल्चर के प्रभाव से संगति बिगड़ जाती है, जिससे धर्म के प्रति जुड़ाव नहीं होता है। इसीलिए बचपन में ही धर्म के संस्कार डालना चाहिए। आधुनिक शिक्षा पद्धति से हमारे कुटुंब (परिवार) बिखर रहे हैं। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित गणाचार्य श्री 1008विरागसागरमहा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज ने सोमवार को प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि व्यवहार रत्नत्रय से भी निश्चय रत्नत्रय धारण कर सकते हैं, सम्यक दर्शन आठ अंग सहित होना चाहिए। इसमें उपगुहन अंग वहां होता है जिसमें जो श्रेष्ठ मार्ग है उस पर स्वयं चलकर जो बाल है, युवा है, वृद्ध है, इनके द्वारा धर्म के प्रति कोई गलती हो जाय तो उस गलती को ढकना ही उपगुहन अंग है। व्यक्ति जो कार्य करता है उसमें ही त्रुटि होती है। कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं जिससे



गलती न हो। कोई भी जन्म से कोई कार्य सीखकर नहीं आता है। धीरे-धीरे ही सब सीखता है। धर्म के बारे में भी कभी-कभी अज्ञानता से त्रुटि हो जाती है। तो उसकी त्रुटि को सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर कोई चलना सीख रहा है तो उसकी प्रारंभिक गलतियों को उजागर करके उसे हतोत्साहित नहीं करना चाहिए। इससे व्यक्ति का मन खराब हो जाता है, उसकी भूल को वात्सल्य भाव से समझना चाहिए। सर्वप्रथम तो हमें अपनी गलती पर उपगुहन नहीं लगाना अर्थात अपनी गलती को नहीं छुपाना चाहिए। मुनिश्री ने स्थितिकरण अंग के बारे में बताते हुए कहाकि अपने दुर्गुणों को ढाक़ना नहीं और दूसरे के दुर्गुणों को ढ़ाककर स्थितिकरण करना है। हम किसी भी कार्य को करने से पूर्व गहन सोचते हैं। हर कार्य के प्रति सफलता के सूत्र पर हम पहले ध्यान देते हैं। जिसके पास गंभीरता होती है, वहां जीवन में अवश्य सफल होता



है। उन्होंने कहा कि जीवन में चंचलता अधिक नहीं होना चाहिए। समता व धैर्य से सफलता मिलती है। यह सभी सफलता के सूचक हैं सफलता के लिए पहले हमें अपने अंदर झांकना चाहिए। निंदक को हमेशा अपने पास कुटी बनाकर रखना चाहिए। जिससे हमें अपनी बुराइयों के बारे में पता चल जाएगा। जिससे हम उन बुराइयों को अपने जीवन से दूर कर सके।

### आरएसएस के पदाधिकारी रहे उपस्थित

सोमवार को आयोजित धर्म सभा में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उज्जैन विभाग कार्यवाह पारस गहलोत, विभाग शारीरिक प्रमुख महेंद्र जौधा, नगर कार्यवाह तरुण राठौर उपस्थित थे। मंगलाचरण की प्रस्तुति अंजू जैन द्वारा दी गई।

### बुरा जो देखन मैं चला मुझसे बुरा न कोई का अर्थ समझाया

मुनिश्री ने बुरा जो देखन मैं चला मुझसे बुरा न कोई का अर्थ समझाते हुए कहाकि दूसरों की बुराई की अपेक्षा हमें अपनी बुराइयों पर ध्यान देना चाहिए। सर्वप्रथम अपने दोषों को दूर करना है, संसार को सुधारने से पहले अपने को सुधार ले। जो धर्म के मार्ग पर नहीं आ रहे उन्हें धर्म मार्ग पर कैसे लाये यह प्रयास हमें करना है। जो रत्नत्रय मार्ग से विचलित हो गए हैं उन्हें पुनः धर्म मार्ग पर लगाना। यही स्थितिकरण अंग है। एक दृष्टांत के द्वारा उन्होंने बताया कि एक सेठ था जिसने सुंदर मंदिर बनवाया उस पर रत्न जड़ति छत्र लगाया। छत्र की चारों ओर चर्चा हो रही थी। छत्र की बात चोरों की टोली में भी चर्चा में थी। इसीलिए एक चोर ने क्षुल्लक रूपी संत का रूप धारण किया। सेठ ने चोर को मंदिर में ठहराया। सेठ जी के बाहर जाने पर वह चोर छत्र को चोरी कर ले जाता है। यह देख सिपाही चोर के पीछे भागते हैं। वह चोर रात में सेठ जी के घर ही पहुंच जाता है। सिपाही भी वहां पहुंचकर सेठ जी से क्षुल्लक चोर की बात कहते हैं। लेकिन सेठ जी सिपाही से कहते हैं कि उन्होंने चोरी नहीं कि वह छत्र तो मैंने ही उस चोर से मंगवाया। चोर को आश्चर्य होता है कि मैंने चोरी की फिर भी सेठ ने मेरी चोरी क्यों छुपाई। सेठ चोर से कहते हैं कि आपने क्षुल्लक का रूप धारण करके चोरी की। इससे लोगों के मन में धर्म व संत के प्रति सम्मान नहीं रहेगा। इस प्रकार चोर क्षुल्लकजी कहते हैं कि मैंने अज्ञानता से यह चोरी की। अब मैं इस वेश को मन से धारण करता हू। इस प्रकार वहां सेठ चोर की चोरी प्रकट न करने पर उपगुहन अंग की रक्षा करते हैं और उस चोर को निर्मल रूप धारण करने का उपदेश देकर स्थितिकरण अंग की रक्षा भी की। मुनि श्री ने कहा कि यदि किसी के जीवन में कोई गलत आदत है तो उन गलत आदतों को छुड़ाने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए जो बिल्कुल भी धर्म नहीं करता उसे शनैः शनैः मार्ग पर लगाना चाहिए। सात व्यसनों में तल्लीन रहने वाले को स्थितिकरण अंग के द्वारा धर्म मार्ग पर लगाया जाता है।

## जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन

# जिनवाणी रूपी पानी के द्वारा कर्मों के कचरे को साफ करना है: रत्न निधि



नलखेड़ा। महापुरुषों का संकल्प पत्थर की लकीर की तरह होता है। चाहे कितने भी संकट व विपत्ति आ जाये वहां अपने संकल्प से विमुख नहीं होते हैं। महापुरुष संकल्प के जरिए अपने जीवन को सार्थक करते थे। रक्षाबंधन का दिन संकल्प का ही दिन है, भाई को बहन का उत्तरदायित्व निभाने का संकल्प का यह दिन है। रक्षाबंधन का त्यौहार हमें प्रतिबोध देता है कि हमें सभी के प्रति प्रेम दया और करुणा के भाव रखना चाहिए। मानव भव मिला है तो कर्म के बंधनों से मुक्त होकर आत्मा की रक्षा करना चाहिए। जिनवाणी रूपी पानी के द्वारा कर्मों के कचरे को साफ करना है। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित प्रज्ञा भारती, महा मांगलिक प्रदात्री गुरुवर्या चंद्रप्रभाश्री महाराज साहब की सुशिष्या साध्वी रत्न निधि, पुण्य निधि ने अपने प्रवचन के दौरान उक्त विचार व्यक्त किये। साध्वी ने कहा कि रक्षा सूत्र से हमारे भीतर रक्षा के भाव बनते हैं। रक्षा किसकी करनी है? है जीव तुम्हें कर्म के बंधनों से मुक्त होकर आत्मा की रक्षा करना चाहिए। जिनवाणी रूपी पानी के द्वारा कर्मों के कचरे को साफ करना है। उन्होंने कहा की रक्षा हमारे जीवन का प्राण आधार है। रक्षा हमारे जीवन को उत्थान की ओर ले जाने वाली है। संसार के हर प्राणी के प्रति दया व करुणा के भाव हमारे मन में होना चाहिए। परमात्मा के प्रति श्रद्धा और प्रेम का दीप प्रज्वलित करने वाले भाव हमारे होना चाहिए है। साध्वी ने कहा कि रक्षाबंधन हिंदू समाज का प्रमुख त्यौहार है, इसे नारियल पूनम भी कहते हैं। जैसे नारियल बाहर से कठोर एवं भीतर से नर्म मुलायम होता है। उसी प्रकार हमारी आत्मा बाहर से कठोर हो लेकिन अंदर से हर प्राणी के प्रति सौहार्द, वात्सल्य के भाव हमारे अंदर होना चाहिए। हमें अपनी आत्मा के जरिए कर्म शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने का पुरुषार्थ करना चाहिए। साध्वी ने कहा की आत्मा अजर अमर शाश्वत है। शरीर इसका चोला है शरीर नाशवान है लेकिन आत्मा तो अजर अमर है। वैराग्य भाव आने पर आदमी संसार में नहीं रहता। यदि संसार में रहता भी है तो वैरागी बनकर जीवन जीता है।

### जनोय के तीन कार्य होते हैं

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर्व जब आता है तब हमारे ब्राह्मण समाजजन जनोय का परिवर्तन करते हैं। जनोय के तीन कार्य होते हैं पहला माता-पिता के प्रति कर्तव्य, दूसरा सद्गुरु के प्रति जो हमें जीवन निर्माण की कला सिखाते हैं उनके प्रति आदर एवं सम्मान के भाव होना चाहिए तीसरा कार्य उपकारितो के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना। यहां कार्य मनुष्य जीवन को प्रेरणा देते हैं कि हमारा क्या कर्तव्य, हमारा क्या लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का मार्ग अहिंसा मय मार्ग था यह हमें जीव दया जीव रक्षा के भाव रखने का संदेश देता है। रक्षाबंधन का त्यौहार भी हमें प्रति बोध देता है कि हमें भी सभी के प्रति प्रेम दया व करुणा के भाव रखना चाहिए। भाई व बहन का रिश्ता पवित्र प्रेम का रिश्ता है, निर्मल प्रेम का रिश्ता है। भाई अपनी बहन की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक को न्योछावर कर देता है। आपने बताया कि श्री कृष्ण को जब द्रोपद्री राखी बांधती थी तब उन्होंने एक भाई का फर्ज निभाते हुए उनके शील की रक्षा की थी। जब चित्तौड़ पर शेरशाह सूरी ने आक्रमण किया तब चित्तौड़ की सुरक्षा में स्वयं को असमर्थ पाकर रानी कर्मवती ने चित्तौड़ की रक्षा के लिए अपने मुंह बोले भाई बादशाह हुमायूं को रक्षा सूत्र भेजा था। हुमायूं ने अपनी बहन के द्वारा भेजे हुए रक्षा सूत्र का सम्मान रखते हुए वहां रानी बहन को नहीं बचा सके किंतु उन्होंने चित्तौड़ के किले की रक्षा का जो वचन बहन कर्मवती दिया था। उस किले को उन्होंने बचाया। तथा राज्य की रक्षा की एवं उस रक्षा सूत्र की लाज रखी।

## नवरत्न परिवार द्वारा जिनालय शुद्धिकरण किया

# प्रतिमाओं का औषधियों से किया मंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नवरत्न परिवार एवं मालवा महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में पर्यूषण महापर्व के पूर्व देश के 15 से अधिक राज्यों में एक साथ 2000 जिनालय का शुद्धिकरण अभियान संपन्न हुआ। नलखेड़ा में श्री चंदा प्रभु जैन श्वेताम्बर मंदिर में शुद्धिकरण बड़े ही हर्ष और उल्लास से सम्पन्न हुआ । शुद्धिकरण अभियान में श्री संघ , महिला मंडल,बालक-बालिकाओ के साथ नवरत्न परिवार के सदस्यों ने जिनालय शुद्धिकरण कार्य किया। उक्त जानकारी देते हुए नवरत्न परिवार के राकेश दुग्गड़, राहुल काठेड़ और रवि सकलेचा ने बताया कि रविवार को स्थानीय श्रीचंद्रप्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी में पर्यूषण महापर्व के पूर्व जिनालय शुद्धिकरण कार्य किया गया। जिसमें मंदिर में विराजित परमात्मा की सभी प्रतिमाओं का विभिन्न प्रकार की सामग्री तथा औषधियों के साथ मंजन कर प्रतिमाओं का शुद्धिकरण किया गया। वही पूरे मंदिर परिसर की साफ सफाई कर प्रतिदिन उपयोग में आने वाली सभी छोटी व बड़ी सामग्रियों की भी सफाई की गई।

उन्होंने बताया कि इस धार्मिक कार्य की प्रेरणा मालव भूषण आचार्य श्रीनवरत्नसागरसुरीश्वर के पट्टधर शिष्य आचार्य विश्वरत्नसागरसूरीश्वर ने प्रदान की थी। उसी प्रेरणा से वर्ष 2011 में इसकी शुरुआत हुई तथा 15 वर्षों से निरंतर पर्यूषण महापर्व के पूर्व जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वाधान में जिनालय शुद्धिकरण अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष





भी मध्यप्रदेश सहित देश के कई राज्यों में स्थित 2000 जिनालयों का विराट भव्य जिनालय शुद्धिकरण अभियान चलाया गया । जिसमें 13 राज्यों के मंदिरों को विभिन्न सामग्री का किट भी प्रदान किया गया था।

## नवकार महामंत्र मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली गई

# चल रहा है सामूहिक नमस्कार महामंत्र जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा है। लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप प्रतिदिन चल रहा है। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा। जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित चंद्रप्रभा श्रीजी की सुशिष्या रत्न निधि पुण्य निधि आदि ठाणा- 05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है। सोमवार को नवकार मंगल कलश को बधाने का



अनुपम लाभ प्रेमचंद रितेशकुमार ठाकुरिया परिवार द्वारा लिया गया। प्रवचन उपरांत जैन आराधना भवन से ढोल ढमाकों के साथ नगर में नवकार कलश की शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ महिलाओं द्वारा भाग लिया गया।

इसके पूर्व साध्वी द्वारा मंगल कलश का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा ठाकुरिया के निवास स्थान पर पहुंची जहां पर मंगल कलश की स्थापना कर प्रभावना का वितरण किया गया। रात्रि 8 से 9 बजे तक सामूहिक नवकार जाप का कार्यक्रम हुआ। जैन समाज द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र कलश यात्रा के दौरान नगर का वातावरण धर्म मय बना हुआ है। वही घर-घर में हो रहे नवकार जाप के चलते लाभार्थी परिवारों के घरों पर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है।

### 30 अगस्त तक फसल बीमा करा सकेंगे किसान

सीहोर। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा की तिथि बढ़ा दी है। अत्रृणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त कर दी है तथा ऋणी किसानों के लिए अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है।

## एकमात्र सड़क मार्ग उपलब्ध है

# नलखेड़ा से बड़ौद को सड़क से जोड़ने पर 25 % दूरी होगी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है जहाँ देशभर से पहुंचने के लिए एकमात्र सड़क मार्ग उपलब्ध है। ऐसे में मंदिर को चहुँओर से सड़कों से जोड़ना एक अत्यंत आवश्यक कार्य हो गया है। ऐसे ही एक नए मार्ग नलखेड़ा से सीधे बडौद का निर्माण किया जाना भी आवश्यक हो गया है जिससे नलखेड़ा से बडौद की दूरी पच्चीस प्रतिशत कम की जा सकती है।

वर्तमान में मंदसौर नीमच सहित इन जिलों की सीमा से जुड़े राजस्थान के जिलों से आने वाले दर्शनार्थियों को बडौद से आगर होकर नलखेड़ा आना पड़ रहा है। यदि बडौद से बीजानगरी, सारंग्याखेड़ी,बरडा, आमला चौराहा तक का मार्ग बन जाता है तो इसकी दूरी लगभग 15 किमी कम हो सकती है। साथ ही दर्शनार्थियों को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने में समय और ईंधन की भी बचत होगी। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग का अधिकांश हिस्सा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क अंतर्गत निर्मित है कुछ हिस्से में मार्ग कच्चा है जिसका निर्माण कर दर्शनार्थियों को सुविधा प्रदान की जा सकती है। इसी मार्ग के अंतर्गत बीजानगरी से आमला चौराहे को जोड़ने की मांग बीजानगरी के भाजपा मंडल अध्यक्ष मेहरबानसिंह सिसोदिया द्वारा लोक निर्माण मंत्री राकेशसिंह को पत्र लिखकर की गई है। यदि बीजानगरी से आमला चौराहा तक सड़क निर्माण हो जाता है तो स्वतः ही बडौद से मां बगलामुखी मंदिर सीधा जुड़ जाएगा क्योंकि बीजानगरी से बडौद तक पक्की सड़क है। बडौद से मां बगलामुखी मंदिर को सड़क मार्ग से सीधा जोड़ना चाहिए।

## भोले बाबा को सजाकर निकाला पालकी में, भजनों की प्रस्तुति दी

# फूलों से सजी पालकी में श्री गुप्तेश्वर महादेव की सवारी निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भादवा माह के प्रथम सोमवार को नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की तीसरी सवारी बड़े ही धूमधाम से नगर में निकली गई। सवारी में फूलों से सुसज्जित पालकी में भगवान भोलेनाथ को विराजित कर नगर भ्रमण हेतू निकाला गया। सवारी में भजन मंडलियां शिव भजनों पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दे रही थी।

गुप्तेश्वर मंदिर से सायं 4 बजे भगवान भोलेनाथ की आरती उपरांत सवारी प्रारंभ हुई। जो किला रोड़ सावलिया नाथ मंदिर अशोक मार्ग चौक बाजार गणेश चौराहा शिवाजी चौराहा मां बगलामुखी मंदिर मार्ग से होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। यहाँ आरती पश्चयात गवलीपुरा नयापुरा गणेश चौराहा चौक बाजार होते हुवे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहाँ महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। सवारी मार्ग पर भगवान भोलेनाथ का उनके भक्तो द्वारा पूजन-अर्चन कर अगवानी की





गई। वही मार्ग में स्थित विभिन्न मंदिरों के पुजारियों द्वारा बाबा की आरती उतारी गई। परंपरानुसार गुप्तेश्वर मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान शिव की चार सवारी नगर में निकाली जाती है। जिसमें श्रावण मास में अंतिम दो सोमवार तथा भादव मास के प्रथम दो सोमवार को सवारी निकाली जाती है। अंतिम सवारी शाही सवारी के रूप में निकाली जाती है। इस वर्ष 18 अगस्त को नगर में गुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली जाएगी सवारी में कई आकर्षण के केंद्र एवं झांकियां शामिल रहेगी।

खबर संक्षेप

## नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावकों पर होगी कार्रवाई

**देवास।** यातायात व्यवस्था को सुगम एवं दुर्घटना रहित बनाने हेतु पुलिस विशेष अभियान चलाकर शिकंजा कस रही है। आए दिन 18 वर्ष के कम आयु के बच्चे बिना ड्राइविंग लाईसेंस के अनियंत्रित रूप से वाहन चलाते हुए जिला अन्तर्गत घुम रहे है,जो न सिर्फ खुद की जान को खतरा हो सकते है बल्कि दुसरे की जान को भी खतरा पहुंचा रहे है। इसी अनुक्रम में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199(क)(2) का प्रभावी प्रयोग करने का निर्णय पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा लिया गया है जिस पर से यातायात एएसपी हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन में जिला अन्तर्गत जगह-जगह पर चेकिंग पाईंट लगाये गये है। इसी क्रम में जितेन्द्र पिता सुरेश निवासी आनन्द नगर देवास का नाबालिग बालक वाहन क्रमांक एमपी 41 जेजेड 4810 एवं लोकेश पिता संतोष पटेल निवासी मकान नम्बर 316 मेंढकी चक देवास का नाबालिग बालक वाहन क्रमांक एमपी 09 डीवी 6046 चलाते हुए पाया गया जिस पर से यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। सोमवार को न्यायालय ने दोनो वाहन स्वामी को 10-10 हजार रूपये की राशि से दण्डित किया। यातायात पुलिस द्वारा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। देवास पुलिस आमजन से अपील करती है कि अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने हेतु न देवे अन्यथा अभिभावको के विरूद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अब तक कुल 13 नाबालिग वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर का समन शुल्क वसुला जा चुका है।

### आरोपी पर पूर्व में भी नकबजनी व अवैध शराब के चार प्रकरण हैं दर्ज

# थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गश्त के दौरान दो शातिर चोर रंगे हाथों पकड़े

### नाबालिग सहित कुल दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा गश्त के दौरान दो शातिर चोरों को रंगे हाथों पकड़ा गया है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी का सम्पूर्ण मश्रुका बरामद भी किया हैं।पकड़े गए आरोपी पर पूर्व में भी नकबजनी व अवैध शराब के चार प्रकरण दर्ज हैं। एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में रात्रि के दौरान प्रभावी गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर शहर एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रात्रि के दौरान प्रभावी गश्त की जा रही है। इसी क्रम में रविवार रात करीब 01:00 बजे गश्त के दौरान महाकाली कंपनी के सामने शांतिनगर अमोना देवास स्थित एक साइकिल रिपेयरिंग दुकान से दो संदिग्ध व्यक्ति जिनमें एक नाबालिग था, बाहर आते दिखाई दिए।

पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मौके पर पुलिस अभिरक्षा में लिया एवं जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित दुकान तथा समीप स्थित एक अन्य दुकान के ताले टूटे हुए थे और दोनों आरोपी दुकान में चोरी के उद्देश्य से घुसे थे। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम गोवर्धन पिता बल्लु चौहान निवासी सर्वोदय नगर देवास बताया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया माल साइकिल व मोटरसाइकिल की कुल 14 ट्यूब अनुमानित कीमत 5,250/- को जप्त किया। आरोपियो के विरूद्ध थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 742/2025 धारा 305(ए),331(4) BNS के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया,सउनि सुरेशचंद्र शिवहरे,प्रआर किशोर जाटवा,आर अजय जाट की सराहनीय भूमिका रही।





### शांति भंग कर हंगामा करने वाले चार बदमाश पुलिस गिरफ्त में

थाना औद्यौगिक पुलिस ने शांति भंग कर हंगामा करने वाले चार बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी क्षिप्रा ब्रिज पर हंगामा कर रहे थे। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा शहर में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु एसपी पुनीत गेहलोद ने सभी थानों को निर्देशित किया है। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। रविवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति क्षिप्रा ब्रिज पर जोर-जोर से चिल्ला रहे हैं और आपसी विवाद कर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहे हैं। जिस पर से तत्काल थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र मय फोर्स के घटना स्थल पहुँचे और देखा कि शकील पिता शंकर उम्र 20 वर्ष निवासी सेवला सराई ग्वालिया रोड आगरा, शंकर पिता रमजु मिरासी उम्र 50 वर्ष निवासी सेवला सराई ग्वालिया रोड आगरा और सत्तार पिता रमजान उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम लकेशरा जयपुर, यूसुफ पिता बाबू मिरासी उम्र 33 वर्ष निवासी आवास कॉलोनी कोटा चारों व्यक्ति मौके पर जोर-जोर से चिल्ला-चोट कर क्षेत्र में शांति भंग करने की स्थिति उत्पन्न कर रहे थे। जिस पर से चारो अनावेदको को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अनावेदको के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस 2023 के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय देवास में पेश किया गया।

#### पुलिस की चेतावनी

देवास पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## गांव-गांव, नगर-नगर में निकाली जा रही तिरंगा रैली

### कई प्रतियोगिताओं हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 79वें स्वरतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वनतंत्रता का उत्सव, स्व्च्छाता के संग अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों संचालित की जा रही है। इस दौरान तिरंगा रैली, तिरंगा वाहन रैली, रंगोली, पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई जा रही है। अभियान के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित होंगी। सोमवार 11 अगस्त को तिरंगा वाहन रैली तथा तिरंगा रैली का आयोजन किया। नागरिकों, जनप्रनितिधियों ने उत्साह से सहभागिता की। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों, स्वच्छता सुविधाओं, जल स्त्रोतों की सफाई की गई। रैली, रंगोली, पेंटिंग एवं झांकी का आयोजन किया। अभियान के तहत नालों, नाली की सफाई, जल निकासी और ग्रेवाटर प्रबंधन सामुदायिक, स्वच्छता कॉम्पलेक्स शेड व अन्य संरचनाओं की सफाई अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण और प्रबंधन अभियान, आजादी का श्रमदान अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। "हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत जिले में रैलियां निकाली जा रही है। नागरिकों को अभियान अन्तर्गत शपथ दिलाई जा रही है और नागरिकों अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। तिरंगा अभियान में देवास जिले के सभी नागरिक सहभागिता करें। तिरंगा अभियान के तहत जिले में सेल्फील पाइंट बनाये गये है, जहां जिले के नागरिक उत्सोह से सेल्फीत ले रहे है। अभियान के तहत 12 अगस्त को जल जीवन मिशन संरचनाओं की सफाई व सजावट व पैंटिंग की जायेगी। 13 अगस्त को अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकों, जल संरक्षण, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। सामुदायिक बैठक एवं स्वछता से सम्बंधित गतिविधि आयोजित होगी। 14 एवं 15 अगस्त कों ₹हर घर तिरंगा अभियान₹ के तहत घरों में ध्वाजारोहण समारोह के उपरान्त स्वच्छता चैंपियनों का सम्मान, सभी शासकीय भवनों, संस्थानों, डेम आदि में विद्युत साज-सज्जा व ध्वजारोहण किया जायेगा।

### विधायक पवार के नेतृत्व में आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर निकलने वाली तिरंगा यात्रा के अन्तर्गत देवास विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों की यात्रा आज 12 अगस्त को सायं 5.30 बजे स्थानीय नाहर दरवाजा स्थित सोमेश्वर मंदिर से विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में निकाली जाएगी। यात्रा में विधायक के साथ ही जिलाध्यक्ष रायसिंह सैंधव भी उपस्थित रहेंगे। इसके पूर्व भाजपा के चारों मंडलों से अलग अलग उपयात्राए निकाली जाएगी। जूनियर मंडल की यात्रा अग्रसेन महाराज की प्रतिमा कैलादेवी मंदिर से, सीनियर मंडल की यात्रा अटल जी की प्रतिमा बालगढ़ चौराहे से महाराजा मंडल की यात्रा स्थानीय स्टेशन रोड़ यूनियन बैंक के पास से तथा सद्गुरू शीलनाथ मंडल की यात्रा स्थानीय भोपाल चौराह प्रमिला राजे परिसर से निकाली जाएगी। सभी उपयात्राऐं अपने अपने मंडल में भ्रमण करने के पश्चात स्थानीय नहार दरवाजा स्थित सोमेश्वर मंदिर पर एकत्रीत होगी जहां से शहर के प्रमुख मार्ग नाहर दरवाजा, शालिनी रोड़ जनता बैंक चौराह, सुभाष चोक, नावेल्टी चौराहा, तेहसील चौराहे होते हुए सयाजी द्वार पर पहुचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकरियों ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आमजन से भी अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में निकलने वाली यात्रा में सम्मिलित हो।

## श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज जाग्रति संगठन का श्रावणी उपाकर्म संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज जाग्रति संगठन देवास का श्रावणी उपाकर्म संपन्नदेवास। श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज जागृति संगठन देवास का श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम प्रयाग गार्डन में वेदमूर्ति पं. आशुतोष शुक्ल के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। आचार्य शुक्ल द्वारा सर्वप्रथम तीर्थ स्नान, हेमाद्री संकल्प, दशविधि पंचगव्य महास्नान कर नवीन यज्ञोपवित धारण करवाया। विष्णु पूजन पंचगव्य प्राशन कर तीर्थ तर्पण, देवऋषि, पितृो का तर्पण कर गणेश गौरी आदि देवी देवताओं का स्थापन पूजन कर सप्तऋषियों का पूजन हवन आरती कर विधि विधान से कर्म संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जाग्रति संगठन के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, सुभाष पंड्या, घनश्याम जोशी, सूरजमल दुबे, ध्रुव जोशी, आशुतोष दुबे, नीरज दुबे, अनिल पंड्या, दिनेश पंड्या, जीवनलाल शर्मा, योगेश जोशी, मनोज उपाध्याय, चंद्रशेखर पंड्या, रमेश जोशी, निलेश शर्मा, शरद



जोशी, दीपक तिवारी, महेश शर्मा, सुंदरलाल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, जोशी कालूखेड़ी, पंकज जोशी, प्रशांत जोशी, दीपक पाठक, गौरव पंड्या, वैभव पंड्या सहित समाजजन उपस्थित थे। आभार आशुतोष दुबे ने माना।

## श्रावण मास में प्रतिदिन चलने वाले अभिषेक का पूर्णाहुति के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी क्षेत्र के अति प्राचीन बाबा भंवरनाथ मंदिर व भगवान मनकामनेश्वर मंदिर में श्रावण मास में नगरवासियों द्वारा प्रतिदिन करवाए जाने वाले रुद्राभिषेक का आज पूर्णाहुति व हवन पुजन के साथ समापन हुआ।

पूर्णाहुति एवं हवन पूजन नगर परसाई पं.मनोज जोशी एवं संतोष शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ करवाया गया। इस अवसर पर सोमवार को बाबा भंवरनाथ महाराज व भगवान मनकामनेश्वर का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बाबा मनकामेश्वर का अभिषेक सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ।



वही 1 बजे से हवन पुजन प्रारंभ हुआ जो शाम 6.00 बजे तक चलता रहा। रात्रि 7.00 बजे भव्य आरती कर श्रावण मास में प्रतिदिन चलने वाले अभिषेक का समापन हुआ। आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण भी किया गया। यहां प्रतिदिन नगर परसाई मनोंज जोशी व मंदिर पुजारी चंद्रशेखर शर्मा, बबलू शर्मा द्वारा अभिषेक करवाए जा रहा थे।

### कलेक्टर ने दृष्टिहीन कन्या विद्यालय की छात्राओं से बंधवाई राखी



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं से राखी बंधवाई। इस दौरान बालिकाओं ने अपनी सुरीली आवाज में गीत गाकर कलेक्टर सिंह का स्वागत किया। कलेक्टर ने विद्यालय की बालिकाओं को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि मुझे आपके साथ रक्षाबंधन मनाने का सौभाग्य मिला है। संस्था द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। संस्था के माध्यम से आप और आप जैसी अन्य बालिकाओं को लाभ मिल रहा है। आप सभी भविष्य में अच्छा करें। इस दौरान बलजीत सिंह सलूजा, राजेंद्र मूंदड़ा, राजेश व्यास, स्टाफ तथा अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## गवली यादव समाज ने एकत्रित होकर भुजरिया पर्व हर्षोल्लास से मनाया, एक दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गवली यादव समाज द्वारा पारंपरिक आस्था और उमंग के साथ भुजरिया पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए और सामूहिक रूप से पर्व की शोभा बढ़ाई। महिलाओं ने भुजरिया की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। युवाओं और बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

समाज के वरिष्ठजनों ने भुजरिया पर्व के महत्व और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की बात कही। कार्यक्रम में समाजजन ने एकता और भाईचारे का संदेश दिया। पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य की



प्रस्तुतियों ने माहौल को आनंदमय बना दिया। गवली यादव समाज के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि भुजरिया पर्व समाज की सांस्कृतिक पहचान है और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। अंत में तालाब में भुजरियों का विसर्जन कर उनके तने बड़ों को देखकर उनसे आशीर्वाद लिया और आपस में गले मिलकर सभी ने एक-दूसरे को भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी कपिल यादव ने दी।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

# निर्देश: रोड से सभी बैनर, पोस्टरों को हटाकर लगाए तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रिया चंद्रावत, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, उद्योग संगठन, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'' अभियान के तहत विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करें। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाएं। अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाले, स्कूल कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित करें।

सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिये कि देवास में एबी रोड पर दोनों और बाईपास पर तिरंगा लगाए। नगर निगम एबी रोड से सभी बैनर और पोस्टरों को हटाकर तिरंगा लगाये। नगर पालिकाएं अपने-अपने क्षेत्र में तिरंगा रैली निकालें और अभियान के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करें। नगर पालिका क्षेत्र में तिरंगा लगाए और अच्छे से डेकोरेशन करें। अभियान के तहत जिलास्तर पर 13 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउण्ड से सुबह 11 बजे बाइक रैली निकाली जायेगी।



बाइक रैली के लिए ट्रॉफिक व्यवस्था एवं रूट प्लान की तैयारी कर लें। रैली में सभी हेलमेट पहन कर आए। बाइक रैली में सामाजिक संगठन, उद्योग संगठन, व्यापारी संगठन एवं देवास शहर के नागरिक सहभागिता करें। कलेक्टर श्री सिंह ने उद्योग संगठन, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी अभियान में सहभागी बने और अपने प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाये। एबी रोड पर जिनकी दुकानें है वह तिरंगा से संबंधित बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाये एवं अपनी दुकानों को डेकोरेट करें। सिंह ने कहा कि अभियान के तहत गौशालाओं में सफाई अभियान चलाएं। ग्राम पंचायत और नगर पालिकाओं में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई के कार्य करें। सभी शासकीय कार्यालयों में सफाई अभियान चलाएं।

## मंडी परिसर में कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विश्व आदिवासी दिवस पर बागली नगर के मंडी प्रांगण मे समस्त आदिवासी समाज के लोगों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने अपनी अपनी संस्कृति,वेशभूषा, परंपरा, रीति रिवाज रिचुअल्स, प्रकृति पूजा पाठ अपनी आदिम प्रथा के माध्यम से किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा समाज के क्रांतिकारी ,महानायकों के चित्रों पर पुष्प अर्पण किए गए। समाज से आए वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अपने विचार रखे। स्वागत भाषण कमल मस्कोले द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाने की जानकारी दी गई। विलम सिंह वास्केल,मोहन जामले ,पप्पू सिंह कर्मा, भगत सिंह राठौर द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के संबंध में एंव समाज सुधार संबंधी जानकारी समाजजनों को दी गई। इस दौरान देवीलाल कुमारिया ,जितेंद्र भूसारिया ,लखन राठौर,राहुल डावर,संजय मौर्य,सुनील बछानिया ,मोहन कर्मा ,राहुल कर्मा ,विजय वास्केल,कमल डोडवे,हिम्मत सिंह वसनिया,राकेश अचाले ,आदि अन्य लोगों ने कंधे से कंधे मिलाकर काम करने वाले कई सामाजिक कार्यकर्ता जिन्होंने अपने विचार समाज के बीच रखें। होनहार खिलाड़ी सचिन भार्गव जिन्हें हाल ही में एशियन गेम्स में खो-खो खेल की तरफ से हमारे देश का नाम रोशन किया उन्हें मध्य प्रदेश सरकार ने विक्रम अवार्ड से सम्मानित कर उन्हें इनकम टैक्स में एक सेकंड क्लास की नौकरी भी दी है। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम भड़रऊ निवासी कुन्दन सहरिया पुत्र दलू ने पुलिस को सूचना देते हुये बताया कि उसका 40 वर्षीय पुत्र बीते शनिवार को शाम करीब 4 बजे खितवांस सौदा लेने गया था, जहां से शाम करीब 8 से 9 बजे के मध्य वह गांव वापस लौट रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और उसने अपने पुत्र की शिनाख्त की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गालियां देकर मारपीट की, फिर धमकाया

**ललितपुर।** थाना मदनपुर अंतर्गत ग्राम भौती में रहने वाले राजाराम पुत्र रामचरन कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 अगस्त को शाम करीब 5 बजे वह अपने खेत से घर वापस आ रहा था, तभी उसके बोर के पास उसके ही गांव में रहने वाला सुरेन्द्र पुत्र रामदास कुशवाहा ने उसे देखकर गालियां देने लगा। जब उसने कारण पूछा तो उक्त सुरेन्द्र ने उसे जमीन पर गिराकर लात-घूसों से मारपीट करने लगा। शोरगुल सुनकर जब उसके पिता रामचरन पुत्र स्व.पर्वत बचाने पहुंचे तो उनक साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सुरेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### युवक से मारपीट कर सिर फोड़ा

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अन्तर्गत ग्राम म्याव निवासी नरेन्द्र झां पुत्र भीकम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में नरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि बीते रविवार को वह शाम करीब 7 बजे शौच क्रिया कर वापस लौट रहा था। तभी गांव के सुदामा दुबे पुत्र किशन ने उसे रोक लिया और गालियां दी। विरोध करने पर सुदामा ने मारपीट कर दी। आरोप है कि जब वह अपने घर की ओर गया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। तभी किशन दुबे पुत्र जशरथ डण्डा लेकर आया और उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह गिर गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 351 (3), 352, 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### आवेदन का एक और मौका 14 तक

**ललितपुर।** उपायुक्त उद्योग नेअवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूल किट योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत हस्त शिल्पियों /कारीगरों के द्वारा विभागीय पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष स्क्रूटनी-कम-साक्षात्कार कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र स्टेशन रोड में जारी है, जिसमें जनपद के लिए प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष सभी ट्रेडों में स्क्रूटनी-कम-साक्षात्कार हेतु पर्याप्त अभ्यर्थी सम्मिलित हो चुके हैं। फिर भी, यदि दूर-दराज क्षेत्र से अब तक कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश उक्त साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं हो पाने की स्थिति में जिला टास्क फोर्स समिति द्वारा उक्त साक्षात्कार की अन्तिम तिथि 14 अगस्त 2025 निर्धारित है। अतएव जो अभ्यर्थी अभी तक ओ.डी.ओ.पी. प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत साक्षात्कार में सम्मिलित न हो पाया हो, वह अपने मूल दस्तावेजों के साथ-साथ एक प्रतिलिपि के साथ साक्षात्कार में 14 अगस्त 2025 अपराह्न 05 बजे तक सम्मिलित हो सकते हैं। इसके पश्चात इस वित्तीय वर्ष में उक्त योजनान्तर्गत कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## गौरव व बलिदान का प्रतीक तिरंगा-धर्मेन्द्र पाठक

# भारत माता के जयकारों से मड़ावरा-नाराहट गूंजा, हाथों में तिरंगा लेकर निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर (मड़ावरा)

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान भाजपा के मंडल नाराहट इकाई के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि बसंती लारिया और मुख्य वक्ता डॉ दीपक चौबे, मंडल प्रभारी संदीप सिंह बुंदेला, तिरंगा यात्रा संयोजक नीतेश राठौर समस्त मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. दीपक चौबे ने कहा कि तिरंगा यात्रा हम सब में राष्ट्रीय भावना का पुनर्जागरण करना है।

भाजपा की सोच राष्ट्रवाद है और वह आम जन में भी राष्ट्र प्रथम, अन्य द्वितीय की भावना का विस्तार करना है। तत्पश्चात तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सारे कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता की जय के नारे के साथ सारे कार्यकर्ता चल रहे थे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नाराहट दीपेंद्र सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, पुष्पराज बुंदेला, हनुमत सिंह, चरन सिंह, गिरिराज रावत, प्रमोद नामदेव, लक्ष्मन सिंह, महेंद्र सिंह, शिवादित्य राजा, राजेश सिंह, गोविंद सिंह, उदयपाल सिंह, करन कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, हर्षित राजा, संतोष खटीक, महेश सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र राजपूत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।



### *देशभक्ति गीतों और लहराते हुए तिरंगों के साथ शुरू हुई तिरंगा यात्रा*

*इसी क्रम में तहसील मुख्यालय मड़ावरा में देशभक्ति के जज्बे के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सोमवार को मड़ावरा में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक रहे। विकासखण्ड मड़ावरा कार्यालय से भव्य डीजे के साथ सैकड़ो की संख्या में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। देशभक्ति गीतों और लहराते हुये तिरंगों के साथ शुरू हुयी तिरंगा यात्रा ने कस्बा के प्रमुख चौराहे मुख्य मार्गों से होते हुये गिरार तिराहे बस स्टैंड पुराना बेरियर आदि मार्गों का भ्रमण किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग विकास विभाग आंगनवाड़ी प्राइवेट विद्यालय के बच्चे शिक्षक शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से अपने घरों में तिरंगा फहराने का आह्वान किया।कहा कि सभी अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहरायें, इससे निश्चित ही आपको गर्व की अनुभूति होगी।इस दौरान ब्लाक प्रमुख चन्द्रीप रावत खण्ड शिक्षा अधिकारी नरेश रावत एडीओ पंचायत आलोक दुबे ब्लाक कोर्डिनेटर विजय दुबे मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल महामंत्री लखन तिवारी उपाध्यक्ष लखन कुशवाहा हरि सिंह लोधी भोले राजा नारायण सिंह सेंगर सूरज चौधरी एकीकरण अध्यक्ष सीताराम परिहार धवा सुमत मोदी अतिशय जैन प्रदीप खरे अध्यापक हरिशंकर सोनी पुष्पेंद्र रावत रहनुमावनो पुरुषोत्तम विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।*

## आजादी का अमृत महोत्सव

# स्वतंत्रता दिवस पर होंगे हर घर तिरंगा, क्रासकंट्री रेस कार्यक्रम

### हर घर तिरंगा के आयोजन के दृष्टिगत 5 किमी बालक वर्ग व 3 किमी बालिका वर्ग की क्रासकंट्री रेस होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हर घर तिरंग आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत इस वर्ष खेल निदेशालय, उ0प्र0 के निर्देशानुसार आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा (13 से 15 अगस्त, 2025) अभियान का आयोजन पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य के दृष्टिगत प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो तथा स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर हो, इसलिए जनपद के गणमान्य आमजनमानस से अपील की। कि अपने-अपने घरों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि पर राष्ट्रीय ध्वज, झण्डा संहिता के अनुपालन के साथ फहराने का कष्ट करें तथा अपनी सेल्फी झण्डे के साथ फोटो अथवा देशभक्ति/झण्डागीत के साथ वेबसाइट ीं तहींतजपतंदहंण्बवउ पर अपलोड करने का कष्ट करें। यह अभियान जनता के लिये उन स्वतन्त्रता सेनानियों और सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक विशेष अवसर भी है, जिन्होने राष्ट्र की सेवा और तिरंगे के सम्मान में अपने प्राणों की आहूति दी है।

### क्रासकंट्री रेस के लिए रूट चार्ट बनाया

इसी भावना के साथ विगत वर्षों की भांति 15 अगस्त स्वतंन्त्रता दिवस (राष्ट्रीय पर्व) के शुभ अवसर पर प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन एंव राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जायेगा, जिसमें राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ-निरपेक्षता, सामाजिक समरसता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाये जाने पर जोर दिया जाएगा तथा पूर्वान्ह 08:30 बजे 05 कि.मी. बालक वर्ग व 03 कि.मी. बालिका वर्ग की क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन किया जा रहा है। क्रासकण्ट्री दौड़ हेतु रूट चार्ट बनाया है । स्पोर्ट स्टेडियम से उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क है तथा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को 13 अगस्त की अपरान्ह से चैस्ट नम्बर वितरित किये जायेगें, इच्छुक धावक/जनसामान्य अपना-अपना चैस्ट नम्बर अवश्य रूप से समय से प्राप्त कर सकते हैं। क्रासकण्ट्री दौड़ प्रतियोगिता उपरान्त विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग, उप्र की ओर से आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में 10 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी को ही प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जायेगी। अतः इच्छुक प्रतिभागी उक्त क्रासकण्ट्री में सम्मिलित होना चाहते है तो वह निर्धारित तिथि व समय पर स्पोर्ट्स स्टेडियम-ललितपुर उपस्थित हों।

## जिले में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

# बच्चों को भरपूर विकास के लिए दी जाए एल्बेंडाजोल की टेबलेट सहायक : अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जीजीआईसी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने फीता काटकर किया। उन्होनें बताया कि एल्बेंडाजोल के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है, यह दवा पूर्णतयाः सुरक्षित है इसका कोई दुश्प्रभाव नही है तथा उन्होनें बेहिचक दवा का सेवन करने की जनपद के सभी अभिभावक, बच्चों से अपील की। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि कृमि के कारण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और विकास में रूकावट आदि समस्यायें हो सकती है।

जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों, निजी विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीडे निकालने के लिये एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। एक से दो साल के बच्चों को टेबलेट का चूरा कर पानी के खिलाया जाएगा। बडे बच्चो को दवा चबा चबाकर खानी है। उन्होंने कहा कि बीमार बच्चे को कृमि मुक्ति की दवा नही खिलाई जाएगी। उप सीएमओ/नोडल अधिकारी (एनडीडी) डा.प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि 01 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए जनपद में 6.57 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। छूटे हुये बच्चों को मॉपअप दिवस 14 अगस्त 2025 को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। पब्लिक हैल्थ स्पेशिलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि बच्चों के पेट में कीडे होने पर शरीर में खून की कमी हो जाती है और शरीर कुपोषित हो जाता है इससे सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास भी नही हो पाता है। उन्होंने खाने से पहले और षौच के बाद अपने हाथ साबुन से धोने, साफ और स्वच्छ पानी पीने की सलाह बच्चों को दी तथा हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन डीईआईसी मैनेजर डा.सुखदेव पंकज द्वारा किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य अंजना वर्मा, डीपीएम रजिया फिरोज, डीएमसी (यूनीसेफ) सबा परवीन एवं जीजीआईसी के शिक्षक तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बचाव के दिए निर्देश

### राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किया आयोजन

**ललितपुर ।** राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि एल्बेंडाजोल के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है, यह दवा पूर्णतयाः सुरक्षित है इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है तथा उन्होने बेहिचक दवा का सेवन करने की जनपद के सभी अभिभावक / बच्चों से अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर डॉ० इम्तियाज अहमद ने बताया कि कृमि के कारण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और विकास में रूकावट आदि समस्यायें हो सकती है।

जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों, निजी विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीडे निकालने के लिये एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। एक से दो साल के बच्चों को टेबलेट का चूरा कर पानी के खिलाया जाएगा। बडे बच्चो को दवा चबा चबाकर खानी है। उन्होंने कहा कि बीमार बच्चे को कृमि मुक्ति की दवा नही खिलाई जाएगी। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी (एनडीडी), डा० प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि 01 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए जनपद में 6.57 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। छुटे हुये बच्चों को मॉपअप दिवस 14 अगस्त 2025 को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। पब्लिक हैल्थ स्पेशिलिस्ट, डा० सौरभ सक्सेना



ने बताया कि बच्चों के पेट में कीडे होने पर शरीर में खून की कमी हो जाती है और शरीर कुपोषित हो जाता है इससे सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास भी नही हो पाता है। उन्होंने खाने से पहले और शौच के बाद अपने हाथ साबुन से धोने, साफ और स्वच्छ पानी पीने की सलाह बच्चों को दी तथा हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन डीईआईसी मैनेजर, डा० सुखदेव पंकज द्वारा किया गया। इस मौके पर राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, ललितपुर की प्रधानाचार्य अंजना वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), रजिया फिरोज, डीएमसी (यूनीसेफ), सबा परवीन एवं राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज के शिक्षक तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# विद्यालय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन,सम्मानित

**ललितपुर।** इस वर्ष विद्यालय के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा-2025 में शानदार सफलता प्राप्त की है। इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र राघव यादव पुत्र अजय यादव ने 500 में से 441 अंक (88.2 प्रतिशत) प्राप्त किए हैं। इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र राघव बिदुआ पुत्र राजाराम बिंदुआ ने अंग्रेजी में 100 में से 90 अंक हासिल किए। हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र रुद्रप्रताप सिंह चौहान पुत्र रामसिंह ने 600 में से 566 अंक (94.33 प्रतिशत) प्राप्त किए हैं।




हाईस्कूल अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले छात्र रुद्रप्रताप सिंह चौहान पुत्र रामसिंह ने 100 में से 96 अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारे छात्रों ने मेहनत और लगन के बल पर इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह हमारे शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए, बल्कि विषय-विशेष में भी श्रेष्ठता दिखाई है।

### ग्राम बांसपुर में कीचड़, गंदगी का मचा अंबार

धौर्रा। ग्राम पंचायत बांसपुर में गंदगी और कीचड़ की समस्या ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर फैली गंदगी, जलभराव और कीचड़ के कारण न केवल आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और पंचायत द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बांसपुर गांव की मुख्य सडक़ों और गलियों में कूड़े के ढेर और गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे मच्छरों और बदबू की समस्या आम हो गई है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ग्रामीण शिवकुमार सिंह ने बताया कि गलियों में कीचड़ इतना है कि पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बच्चे और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति और नालियों की नियमित सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय लोगों ने कहा कि पंचायत को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। ग्राम प्रधान से इस विषय पर बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, नालियों की सफाई और कूड़ा निस्तारण के लिए उचित कदम उठाए जाएं।यह समस्या न केवल बांसपुर की है, बल्कि आसपास के कई गांवों में भी सफाई व्यवस्था की कमी देखी जा रही है।

### सड़क के दोनों और चूना डाला

# अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका ने बनाई ने नीति



**ललितपुर।** एसडीएम सदर/प्रशासक मनीष कुमार के निर्देशन में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाये जाने हेतु अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने नपा टीम द्वारा अभियान चलाया। इस दौरान टीम द्वारा स्टेशन तिराहा से लेकर गेंदालाल पेट्रोल पंप तक तथा पानी की टंकी से इलाईट चौराहा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग तक सड़क पटरी के दोनों तरफ चूना आदि डालते हुए समस्त दुकानदारों को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रभारी द्वारा समस्त दुकानदारों को निर्देश दिये गये कि नगर पालिका द्वारा चूना डालकर बनाई जा रही परिधि में ही समस्त दुकानदार अपना व्यवसाय करें, यदि कोई भी दुकानदार नगर पालिका द्वारा बनाई गई परिधि के बाहर सामग्री रखकर व्यवसाय करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध जुर्माना वसूली की कार्यवाही करते हुए सामग्री को जब्त कर लिया जायेगा। अतिक्रमण प्रभारी द्वारा कहा गया कि शहर में फैले अतिक्रमण के चलते राहगीरों को आवागमन में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसके चलते रोजाना दुर्घटनाएं भी हो रही है। इस दौरान प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, नजूल लिपिक सुधीर कुमार रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, धीरेन्द्र घावरी, संतोष कुमार, फरदीन खान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड मीडिया क्लब ने मशहूर शायर राहत इंदौरी को दी श्रद्धांजलि

# कौमी एकता मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मशहूर शायर मरहूम राहत इंदौरी की याद में बुन्देलखण्ड मीडिया पत्रकार क्लब व गुलिस्तान-ए-अदब द्वारा एक कौमी एकता मुशायरा व कवि सम्मेलन का प्रोग्राम कैप्टन अशोक श्रीवास्तव की जेरे परस्ती में आयोजित किया गया। बुन्देलखण्ड मीडिया पत्रकार क्लब के संरक्षक व जाकिर राज चौहान के पनारी स्थित निवास पर आयोजित कार्यक्रम में ललितपुर शहर के बुद्धिजीवी नागरिकों ने राहत इन्दौरी की जिंदगी व शायरी पर अपने विचार कर खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस मौके पर चौहान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भाईचारा की भावना पैदा करते हैं। लोगों को एकजुट रहना सिखाते हैं। इससे लोगों के दिलों में एकता बनी रहती है। इस कार्यक्रम की सदारत मशहूर व मारूफ शायर असर ललितपुरी ने व निजामत जहीर ललितपुरी ने की। इस गंगा जमुनी प्रोग्राम की शुरुआत वकील खां ने नाते पाक से की इसके



बाद पंकज अंगार ने सरस्वती वन्दना व णमोकार मंत्र का पाठ किया। जहीर ललितपुरी ने गुरुनानक का शेर अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बन्दे, एक नूर से जग उपजाया कौन भले को मन्दे भावार्थ सहित सुनाया और असर ललितपुरी ने अपना मशहूर जमाना गीत फूलों का गुलदस्ता प्यारा हिन्दोस्तान हमारा है सुनाया। मशहूर शायर सदाकत खां सदाकत ने अपनी गजल पेश यूं मुहब्बत के गुल खिलाना है, जिन्दगी खुशनुमा बनाना है, मैं सदाकत की लाज की रख लूंगा, इससे रिश्ता मेरा पुराना है की। इसे बहुत सराहा गया। पंकज अंगार ने कहा कि सारे जग में बना तिरंगा भारत की पहचान, तीन रंगों ने जोड़ रखा है सारा हिन्दुस्तान। इसके बाद के. के. पाठक ने अपनी बुन्देली रचना मोखों तनकई नई गंदेले अपनी अपनी पेले रचना सुनायी। संचालन करते हुए जहीर ललितपुरी ने अपनी गजल अपना जमीन आस्मां हिन्दोस्तान है, लख्ते जिगर और जाने जां हिन्दोस्तान है सुनाई, जिसके श्रोताओं द्वारा बहुत पसंद किया गया। पत्रकार एम.आर. खान ने रेजा रेजा बिखर गया हूं मैं, अपने साये से डर गया हूं मैं बहुत पसन्द किया गया। वरिष्ठ शायर असर ललितपुरी ने मरहूम राहत इन्दौरी की शान में यह शेर पढ़ा कि उर्दू की सल्तनत के शहंशाह थे राहत, यानि कि हर इक शख्स की चाह थे राहत सुनाई जिसे बहुत ही सराहा गया। कार्यक्रम के वरिष्ठ संरक्षक कैप्टन अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अपने मुल्क की संस्कृति से रूबरू कराकर एक आदर्श प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कौमी एकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाये जिससे लोगों में एकता की भावना जागृत रहे। नेमवि के असि. प्रो. हिन्दी हिमांश धर द्विवेदी ने शायर मीर, फिराक गोरखपुरी के शेर प्रस्तुत किये। नेमवि के असि. प्रो. समाजशास्त्र डा. सुभाष जैन ने कहा कि इस तरह के आयोजन देश की एकता एवं सामाजिक सौहार्द्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में शायर अख्तर जलील, जुबैद मंसूरी, अनवर अंसारी, शब्बीर खां मंसूरी, जावेद किरमानी, ताहिर अली, शमीम खां, जावेद अहमद, फीरोज खां, आसिफ खान मिच्चू कुलभूषण नामदेव सिंटू, भगवान सिंह यादव आदि मौजूद थे।

## राजगढ़ शहरी क्षेत्र में नियम विरुद्ध आबादी के बीच स्थित है एलपीजी का गैस गोदाम

# राजगढ़ में भी हो सकता है गागोरनी गैस सिलेंडर ब्लास्ट जैसा हादसा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रक्षाबंधन के दिन जीरापुर क्षेत्र के गागोरनी गांव में एक दुकान में रखे छह गैस सिलेन्डरों में अचानक ब्लास्ट होने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। गनीमत से इस ब्लास्ट में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन गागोरनी जैसा उक्त हादसा राजगढ़ शहर में भी कभी भी होने की संभावना बनी हुई है। दरअसल, शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी(लिक्विड पेट्रोलियम गैस) सिलेन्डरों की आपूर्ति के लिए वीनस गैस एजेंसी का गैस गोदाम राजगढ़ शहर के मध्य आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नियमानुसार अत्यंत ज्वलनशील एलपीजी गैस का गोदाम शहरी आबादी से दूर स्थित होना चाहिए। लेकिन, प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह गोदाम वार्ड नंबर-14 में बाराद्धारी जैसी घनी बस्ती के ठीक समीप स्थित है। इसी गोदाम में एलपीजी गैस की टंकियों का स्टॉक रखा जाता है और यहीं से पूरे शहर में गैस सिलेन्डरों की आपूर्ति होती है। नियमों के विरुद्ध शहरी आबादी के मध्य संचालित हो रहे इस गैस गोदाम को खुले क्षेत्र में शिफ्ट करने पूर्व में प्रशासन द्वारा एजेंसी संचालक को नोटिस इत्यादि देने की औपचारिक कार्यवाहियां जरूर हुई हैं लेकिन, आज तक यह गोदाम खुले क्षेत्र में शिफ्ट नहीं किया जा सका है।

### सिर्फ नोटिसों तक सीमित रहती है प्रशासनिक कार्रवाई






### क्या कहता है नियम

एलपीजी एक बेहद ज्वलनशील गैस है एवं इसके गोदामों में आग या विस्फोट का खतरा हमेंशा बना रहता है। इंडियन ऑइल कारपोरेशन के नियमानुसार एलपीजी गोदाम शहरी क्षेत्र में नहीं होना चाहिए। शहरी क्षेत्र में एलपीजी गोदामों के होने से सुरक्षा संबंधी खतरे बढ़ सकते हैं। ऐसे में इन्हें शहरी क्षेत्र से दूर खुले और सुरक्षित स्थानों पर ही बनाया जा सकता है।

### वाहन पहुंचने योग्य मार्ग भी नहीं

एलपीजी गैस का यह गोदाम जिस स्थान पर संचालित हो रहा है, नियमानुसार वहां तक का पहुंच मार्ग मार्ग समतल एवं आसानी से पहुंच योग्य होना चाहिए। लेकिन, इस गैस गोदाम के पास पूरी तरह समतल स्थान तो छोड़ सड़क तक नहीं बनी हुई है। बड़े-बड़े बोल्डर, पत्थर वाले स्थान पर यह गैस गोदाम स्थित है।

### सोशल मीडिया पर भी हो रही चर्चाएं

गागोरनी में गैस सिलेन्डर ब्लास्ट जैसी घटना के बाद राजगढ़ शहर के एलपीजी गैस गोदाम को शहरी आबादी से दूर शिफ्ट किए जाने को लेकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी आमजन अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन को इस गोदाम को शहरी आबादी से दूर करवाना चाहिए। हरिभूमि ने इस बारे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव से संपर्क करना चाहा लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

### नहीं होना चाहिए

यह सही है कि आबादी क्षेत्र में गैस गोदाम नहीं होना चाहिए लेकिन इसकी अनुमति जिला प्रशासन के माध्यम से मिलती है।

**पवन अवस्थी, सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़**

मैं कल ही इस बारे में एसडीएम साहब से चर्चा करके नियमसंगत कार्यवाही करवाता हूं।

**अनिल शर्मा, तहसीलदार, राजगढ़**

## दो वाहनों से की गई जब्ती करने की कार्रवाई

# माचलपुर क्षेत्र में पौने 3 लाख की 77 पेटी अवैध शराब पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले की माचलपुर पुलिस को अवैध शराब परिवहन के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने विभिन्न कंपनियों की 77 पेटी अवैध शराब से भरे लोडिंग पिकअप वाहन को पकड़ा है। जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने लोडिंग वाहन के चालक और क्लीनर पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक सफेद रंग के लोडिंग पिकअप से अवैध शराब का परिवहन होने वाला है। सूचना के बाद पुलिस ने ग्राम कूमड़ा के समीप चेकिंग प्वाइंट बनाया। चेकिंग के दौरान एक लोडिंग पिकअप गाड़ी बोलेरो वाहन से टोचन करके ग्राम कूमड़ा की ओर जाते पाए जाने पर पर जब उसे रोका तो उसमें अवैध शराब की पेटियां रखी हुई मिलीं। इस संबंध में जब पिकअप चालक ईश्वर सौंधिया निवासी ग्राम कूमड़ी एवं बोलेरो चालक रायसिंह लववंशी निवासी सुंदरपुरा से सवालात किए गए तो वे कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा पाए।

**शराब सहित दोनों वाहन जब्त-** टीआई पूजा परिहार ने बताया कि पिकअप एवं बोलेरो दोनों वाहनों एवं उनमें से बरामद पूरी शराब जब्त कर ली गई है। इसके साथ ही दोनों आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई वहीं एक आरोपी बीरम सिंह सौंधिया निवासी भंवरपुरा थाना खिलचीपुर फरार है जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

# रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र द्वार रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यावरा सेवा केंद्र संचालिका लक्ष्मी दीदी साहित सभी दीदियों ने अतिथियों को आत्मस्मृति का तिलक लगाकर राखी बांधी और इस पर्व के आलौकिक पर्व में जिला प्रभारी राजगढ़ ,आदरणीय बीके मधु दीदी , दांगी समाज के राष्टीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम दांगी , जनपद प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, नगरसेठ महेश अग्रवाल , वरिष्ठ एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी, दांगी समाज के जिला अध्यक्ष रामबगस दांगी , राधेश्याम दांगी सरपंच मोहनीपुरा , रामदयाल पालीवाल सरपंच कचनारिया का स्वागत कर नगर के भाई - बहनों एवं, माताओ बच्चे इत्यादि उपस्थित रहे । साथ ही बड़े हर्ष उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। भाई - बहनों को परमात्मा शिव का रक्षा सूत्र बांध कर सर्व आत्माओं को शुभकामनाऐ के साथ ही मुख मीठा करवाया। मधु दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व इस संसार में पवित्रता और मर्यादाओं के बंधन में बंधने के लिए ईश्वरीय उपहार है। इससे मानवीय संबंधों की गरिमा स्थापित होती है। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों ने राखी की शुभकामनाएं दीं एवं पवित्रता के महत्व को समझ रिश्तों की मर्यादा को बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम का मनसंचालन सुनीता अग्रवाल के द्वारा संचालित किया गया । कार्यक्रम के समापन में अतिथियों का आभार व्यक्त किया रामेश्वर दांगी सब इंजीनियर बिजली विभाग, परमात्मा का पवित्र रक्षा सूत्र 200 से अधिक संख्या में सम्मिलित रहे ।

## गांव में लगाया गया अस्थाई स्वास्थ्य शिविर

# बेराड़ में उल्टी-दस्त के 15 मरीज मिले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुठालिया क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम बेराड़ में शनिवार को उल्टी, दस्त से करीब 15 लोगों के पीड़ति होने की सूचना सूचना स्वास्थ्य विभाग को मिली थी। सूचना मिलते ही विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गांव में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई सभी बीमारों का उपचार शुरू किया।

विभाग के अनुसार 15 में से 5 गंभीर मरीज अस्पताल में भर्ती हुए जिनमें से 4 ब्यावरा और 1 सुठालिया अस्पताल में अपना उपचार करा रहे हैं। वहीं एक बजुर्ग व्यक्ति रामसिंह 60 वर्ष की ब्यावरा के निजी अस्पताल में मृत्यु की सूचना मिली थी। अस्पताल के डॉक्टर से बात करने पर पता चला कि वो हृदय रोग से पीड़ति थे और दिल का दौरा पड़ने के कारण ही उन्हें अस्पताल भर्ती किया था और उससे ही उनकी मृत्यु हुई है। टीम में शामिल सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल और जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने पूरे गांव का भ्रमण कर बीमार लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार दिया। गंभीर रूप से बीमार दिख रहे लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र रेफर करवाया गया। इसके साथ ही विभाग द्वारा गांव में एक अस्थाई चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। गांव में 3 हैंडपंप और कुछ निजी ट्यूबवेल हैं जिनका पानी ग्रामीण पेयजल के रूप में उपयोग कर रहे थे। इन स्त्रोतों में से कुछ गंदे नाली के पानी के पास स्थित हैं, जिनमें बारिश और नाली का पानी मिल सकता है और इसके पीने से भी ग्रामीणों को डायरिया होने की संभावना जताई जा रही है। जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि हमने पेयजल स्त्रोंतों के सैंपल लेने के लिए पीएचई विभाग को कहा है। वहीं बीमार लोगों के स्टूल का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज रहे हैं।

# भुजरिया पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

रविवार को परलापुरा लक्ष्मीकांत मंदिर चैक पर महिलाओं द्वारा भुजरिया एक जगह एकत्रित कर गीत गाकर गेहूं के दाने छिटकर महिलाओं ने अपने सिर पर रखकर पार्वती रोड स्थित तलाव पर जाकर गुजरिया तोड़ी गई बता दें कि रक्षाबंधन के अगले दिन भाद्रपद महीने की प्रतिपदा को भुजरिया पर्व मनाया जाता है। इसे कजलिया पर्व भी कहते हैं। इस साल यानी कि 10 अगस्त को भुजरिया पर्व मनाया गया। इस दिन लोग एक-दूसरे से मिलकर गेहूं की भुजरिया देते हैं और उन्हें भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देते हैं इस मौके पर हरिसिंह कुशवाहा पटेल नगरीय साथ उपस्थित रहे इस दौरान पुलिस व्यवस्था दुरुस्त रही।

## पारंपरिक नृत्य ने मोह लिया मन

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकाला भव्य चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को शहर में आदिवासी संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिली। सर्व आदिवासी समाज, संगठन के बैनर तले मांगलिक परिसर से सुबह 11रू30 बजे भव्य चल समारोह का शुभारंभ हुआ युवक-युवतियां पारंपरिक एवं आधुनिक वेशभूषा में सजे-धजे थे। डीजे की धुन और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मनमोहक ताल पर युवाओं ने जमकर आदिवासी नृत्य किया। समारोह में पारंपरिक नृत्य, गीत और अखाड़ों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। चल समारोह के समापन पर स्थानीय मांगलिक भवन में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आदिवासी समाज के महापुरुषों की प्रतिमाओं का पूजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के इतिहास, संस्कृति और योगदान पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे और समाज की एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान करणसिंह भिलाला,अनिल भिलाला, जनपद अध्यक्ष देव नागर, मनोहरलाल भिलाला, मांगीलाल भिलाला सहित हजारों की संख्या में समाजजन मौजूद थे। अंत में आभार जनपद सदस्य राजेंद्र भिलाला ने माना।

## गागोरनी गांव स्थित सुविधा केंद्र पर ब्लास्ट

**जीरापुर।** नगर से दस किलोमीटर दूर ग्राम गागोरनी स्थित बस स्टैंड पर सुविधा केंद्र पर रखें एलपीजी गैस के 06 सिलेंडर ब्लास्ट हो गए।इस दौरान देखते ही देखते अफरा-तरफी का माहोल बन गया हालांकि इस हादसे में कोई अनहोनी घटना नहीं घटी। जिसमें तीन बकरियां मर गई ।लोग इधर-उधर भागते दिखाई दिए सीएससी केन्द्र पर तत्काल दमकल वाहन पहुंचे जहां आग बुझाई। इस सारे घटनाक्रम को लेकर थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा बताया गया कि भोपाल खाद्य विभाग की टीम से अभिमत लिया जावेगा। तथा सुरक्षित टंकियां के लिए क्या नियम है कि जानकारी चाही।तथा इस मामले में प्रेम लववंशी के खिलाफ धारा 3 7 ईसी एक्ट तथा 287 , 325 , 324(5) डीएनएस न्याय संहिता में प्रकरण दर्ज किया गया।

## दोषियों के लिए ऑक्सीजन बनी विपक्ष की खामोशी, जिस मामले में होना थी जांच लीपापोती कर रहे जिम्मेदार

# राशन हितग्राहियों में रोष, विपक्ष भी खामोश....तीन माह के राशन से वंचित रह गए सैकड़ों हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में राशन माफिया पर लगाम लगाने की हिम्मत अंततः अभी कोई नहीं जुटा पाया, एक और करोड़ों का राशन बिना किसी ठोस और प्रमाणित आधार के पीओएस मशीनों से हटा दिया गया इसके साथ ही केंद्र द्वारा गरीब हितग्राहियों के लिए एक साथ भेजे गए तीन माह के आवंटन में भी अधिकारियों ने सेंध लगा दी और जून में बटनें वाला राशन अगस्त तक कई हितग्राहियों के पेट की आग को शांत नहीं कर सका।

हजारों टन राशन हटाने से लेकर गरीबों के घर तक राशन न पहुंचने पर किसी जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधी एवं विपक्ष तक ने सुध नहीं ली। माननीय भी नरसिंहगढ आए परंतु उनके कानों तक भी गरीब हितग्राहियों की बात नहीं पहुंचाई गई यह इस बात का प्रमाण है कि यदि यह भ्रष्टाचार है तो फिर इसमें सभी लोग शामिल है।हैरत तो इस बात की है कि इसमें विपक्ष के रूप में कांग्रेस भी खामोश रही ऐसा लगा की कांग्रेस भी भाजपा के लिए काम कर रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी शायद इन बातों पर गौर करेंगे की इस जिले में अधिकतर कांग्रेसी भाजपामय हो चुके है इससे भी जिले में विपक्ष कमजोर हुआ है।





### यह मुद्दे जो कांग्रेस को जनहित में उठाना थे

स्वास्थ्य विभाग में जिले भर में डॉक्टर्स की कमी और प्रसूताओं और बच्चों को इलाज के लिए रेफर का मुद्दा। जिले भर में अवैध खनन किया जाता रहा और कांग्रेस ने एक शब्द तक नहीं बोला। रोजगार के लिए युवा व गरीब परिवार पलायन करने को मतबूर यह भी विपक्ष को दिखाई नहीं दिया।किसानों को समय पर खाद न मिलना, बिजली का बार बार काटा जाना, बिजली विभाग द्वारा मनमाना बिल देकर लोगों से दादागिरी से वसूली करना। मध्यप्रदेश का एक मात्र प्रोफेशनल कॉलेज जो की राजगढ़ में है वहां अभी तक फेकल्टी ही नहीं है परंतु कांग्रेस इसे भी युवाओं के हित के लिए केस नहीं कर पाई। भाजपा की पिछले 20 सालों से सरकार में होते हुए भी अभी तक जिले में रोजगार के लिए ठोस व्यवस्था नही हो पाई इस मुदद । शहरी विकास में भ्रष्टाचार व्याप्त है परंतु चुप्पी साथ रखी है। इसके साथ ही राशन मूव करने के मामले में पीओएस मशीनों से 5 हजार टन से ज्यादा का राशन हटा दिया गया परंतु कांगेस ने इसे भी हल्के में लेकर आमजनता की आवाज को दबाने का ही काम किया है जिसे भाजपा के पक्ष में काम करने से जोडकर भी देखें तो अतिशिक्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं गरीबों के जिस मुद्दे को लेकर विपक्ष को सड़को पर उतरना था उस पर किस्तों में धीमी गति से एक एक बयान जारी कर विपक्ष अपनी आपसी खींचतान को उजागर करने से नहीं चूक रहा बल्कि सत्ता पक्ष के लिए ऑक्सिजन का काम कर रही है विपक्ष।

### पीड़ितों और विपक्ष पर भारी, एक महिला खाद्य अधिकारी

अमूमन ऐसे किसी बड़े अनियमितता के मामले में जांच के समय सबसे पहले संबंधित को हटाया या जांच से दूर किया जाता हे लेकिन राजगढ़ में ऐसा भी हे यहां जेएसओ स्वाती वायकर जो चाहती है वो वरिष्ठ अधिकारी करते है,आखिर कमाऊ पूत जो हैंजिसने मशीनों में खेल कर हितग्राहियों के महीनों के राशन को ही गायब कर दिया वह आज भी वहीं काबिज है और विपक्ष चुप है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी किया दिखावा

जिले भर में राशन मामले में आपूर्ति अधिकारियों की मनमानी के चलते हजारो टन राशन पीओएस मशीनों से हटाया गया साथ ही सैकडों हितग्रारहियो को तीन माह का राशन सिर्फ कागजों के दिलवा दिया गया इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखावा तो करा परंतु ठोस कार्रवाई करवाने से वह भी बचते नजर आए। जबकि मुख्यमंत्री के आगमन के पहले कांग्रेस ने इस मुद्दे को पकडा था परंतु जैसे जैसे सीएम का आने का कार्यक्रम पास आता गया विपक्ष ने चुप्पी साध ली और ऐसी चुप्पी साधी की आज तक चुप है। जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष चाहते तो पूरे जिले का यह बहुत बडा मुद्दा था परंतु इसे हल्के में क्यों छोड दिया गया इस पर जनता प्रश्नचिंह लगा रही है।